


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 05 जून-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 236 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# पर्यावरण सुरक्षा : धर्म की रक्षा

## जनमुख का पौधरोपण/पौध वितरण का महाभियान शुरू, तीन दिनों तक बांटे जाएंगे पौधे

● चन्द्रिका नगर पार्क में किया शुभारम्भ, नगर के प्रमुख उद्यमियों व विशिष्टजनों ने की भागीदारी





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनमुख हिन्दी दैनिक द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पौधरोपण व पौध वितरण महाभियान का शुभारम्भ चंद्रिका नगर पार्क में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए नगर के प्रमुख उद्यमी व समाजसेवी विजय कुमार जैन ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा, धर्म की रक्षा है। पर्यावरण और धर्म एक दूसरे के पूरक हैं। हर धर्म में पर्यावरण के महत्व को प्रमुखता से इंगित किया गया है। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के संकट से जूझ रही है तब हमारे धार्मिक संदेश पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए दिखायी देते हैं। खासतौर से जैन धर्म के अहिंसा, अपरिग्रह और संयम जैसे सिद्धान्त पर्यावरण संरक्षण के दिशा में मार्गदर्शक बन सकते हैं। जैन दर्शन केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित और टिकाऊ जीवन जीने की कला भी है। जैन धर्म में केवल मनुष्य ही नहीं, बल्कि जल, वायु, अग्नि, पृथ्वी और वनस्पति तक को जीव माना गया है। इसीलिए किसी भी जीव को अनावश्यक हानि पहुंचना पाप माना जाता है। यह सिद्धान्त जैव विविधता का संदेश देता है। इस मौके पर उद्यमी आदिश जैन ने कहा कि पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा है। हमें इस बात पर ध्यान देना होगा कि हमारा विकास पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर आगे बढ़े। पर्यावरण को नष्ट कर किया गया विकास मनुष्य को दूरगामी नुकसान पहुंचाने वाला होगा और इसके लिए आने वाली पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक जनमुख के समाचार सम्पादक सरोज सिन्हा ने कहा कि जनमुख द्वारा इस वर्ष तीन दिनों तक पौधा वितरण का अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ-साथ खाली पड़े ट्री गार्डों में पौधरोपण का अभियान भी शुरू किया जा रहा है जो वर्ष पर्यन्त चलता रहेगा। कार्यक्रम संचालन सह-संयोजक अंशुमान राय ने करते हुए बताया कि पिछले 14 वर्षों में जनमुख ने जहां डेढ़ लाख से ज्यादा पौधों का वितरण किया है वहीं पांच हजार से ज्यादा वृक्ष नगर के अलग-अलग स्थानों पर लगाये गए। इस मौके पर चंद्रिका नगर पार्क एवं उसके आसपास के इलाकों में निःशुल्क एक हजार पौधों का वितरण किया गया और दर्जनों पौधे पार्क के आसपास लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद कुमार सिन्हा, रवीश श्रीवास्तव, मनोज सिन्हा, दयाशंकर मिश्रा, शादाब, आकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।







## कॉकरोच जनता पार्टी' के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से अदालत का इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली होईकोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा 6 जून को जंतर-मंतर पर प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था संबंधी चिंताओं को उठाया गया था। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को इस मामले में राहत देने से मना कर दिया, जिससे कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन के आयोजन पर फिलहाल रोक नहीं लग सकी। याचिका में यह दलील दी गई थी कि इस तरह के विरोध प्रदर्शन से सार्वजनिक व्यवस्था बाधित हो सकती है और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। हालांकि, कोर्ट ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता को नहीं माना और इस संबंध में कोई निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। इस फैसले से कॉकरोच जनता पार्टी को अपने प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की अनुमति मिल गई है।

## भारतीय टीम में बदलाव की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है और अब ये लगभग तय है कि सूर्यकुमार यादव की जगह श्रेयस अय्यर टी20 टीम के कप्तान होंगे। आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे तथा जापान में होने वाले एशिया खेलों की टीम के चयन के लिए शनिवार को अजीत अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति की बैठक होगी। भारत को 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 खेलने हैं, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई से होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाने हैं। एशियाई खेलों का आयोजन इस साल सितंबर-अक्तूबर में जापान में होना है। इसके लिए टीम की घोषणा इसलिए जल्दी हो रही है क्योंकि आयोजकों ने डेडलाइन पहले की रखी है।

## इस्तीफे के बाद अन्नामलाई ने किया नई पार्टी का एलान



चेन्नई। पूर्व तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पार्टी से इस्तीफा देने के बाद अपनी नई राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह एक नए राजनीतिक आंदोलन की शुरुआत कर रहे हैं, जो आगे चलकर एक नई पार्टी का रूप लेगा। सोशल मीडिया एक्स के जरिए जनता को संबोधित करते हुए अन्नामलाई ने कहा कि आज से एक नया रास्ता, एक नया आंदोलन और एक नई राजनीतिक यात्रा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक लक्ष्य अब पहले से बड़े हो गए हैं और उन्हें अधिक लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ना है। अन्नामलाई ने दावा किया कि भाजपा में रहते हुए उन्होंने कभी भी तमिलनाडु की पहचान, संस्कृति और राज्य के जल अधिकारों जैसे मुद्दों पर समझौता नहीं किया।




## मणिपुर में घात लगाकर गांव पर हमला

### गोलीबारी में तीन की जान गयी

● हमलावरों ने कई घरों को लगायी आग

**नई दिल्ली।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार को एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने एक आदिवासी बहुल गांव पर हमला कर दिया, जिसमें एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। हमलावरों ने गांव के कई घरों में आग भी लगा दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात समूह से जुड़े हथियारबंद कैडरों ने लोइबोल खुल्लेन गांव पर अचानक हमला बोल दिया। इस हमले का जवाब वहां मौजूद दूसरे हथियारबंद समूह ने जवाबी गोलीबारी से दिया। इसके बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच लगभग आधे घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई। इस क्रॉसफायर की चपेट में आने से तीन ग्रामीणों की जान चली गई। मृतकों की पहचान लेतखोंगाम हाओकिप, उनकी पत्नी टिन-मैरी हाओकिप और जांगमिनलाल हाओकिप के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, इस अचानक हुए हमले और भारी गोलीबारी के बाद गांव में दहशत फैल गई। अपनी जान बचाने के लिए डरे-सहमे ग्रामीण अपने घरों को छोड़कर भाग गए और पास के जंगली इलाकों में शरण ली। हमलावरों ने गांव में कम से कम सात घर जलकर पूरी तरह खाक हो गए। इसके अलावा, ग्रामीणों की संपत्तियों को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया है।



## दो बसों की भीषण टक्कर में तीन की मौत, 35 घायल

**रायसेन।** रायसेन-भोपाल नेशनल हाईवे शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे का गवाह बना। सेहतगंज फैक्ट्री के पास पेट्रोल पंप के नजदीक सागर से भोपाल जा रही शक्ति ट्रैवल्स और भोपाल से सागर लौट रही कल्पना ट्रैवल्स की बसें आमने-सामने टकरा गईं। हादसे में एक मासूम समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 35 यात्री घायल हुए हैं। कई की हालत नाजुक होने से मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। दोनों बसें तेज रफ्तार में थीं। सिंगल लेन सड़क पर ओवरटेक के प्रयास में चालकों का नियंत्रण बिगड़ गया और बसें सीधी भिड़ गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बसों के केबिन पिचक गए।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 40.3°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 05 जून, शुक्रवार 2026 (3)





पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत करते मंडल रेल प्रबन्धक


पुरस्कार ग्रहण करते स्वर्गीय रामाज्ञा सिंह स्मृति जिला कैरम लीग के विजयी प्रतिभागी।

## कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए कल से कर सकेंगे आवेदन

**● बनाए जाएंगे 30 केंद्र, एक विषय में एग्जाम देने का मिलेगा अवसर**

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड (माध्यमिक शिक्षा परिषद) हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट और इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए आवेदन प्रक्रिया 6 जून से शुरू करने जा रहा है। इसके लिए बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन 27 जून तक किए जा सकेंगे। इस परीक्षा में 10वीं और 12वीं के ऐसे छात्रों को सिर्फ एक विषय में परीक्षा देने का मौका मिलेगा। इसके लिए वाराणसी में 30 केंद्र बनाया जाएगा। परीक्षा की तिथि जारी होने के बाद केंद्रों की स्थिति स्पष्ट होगी। इसके लिए बोर्ड के सचिव भगवती सिंह की ओर से पूरा शिड्यूल जारी कर दिया गया है। हाईस्कूल परीक्षा के ऐसे परीक्षार्थी, जो किसी एक विषय में फेल हैं, इम्प्रूवमेंट परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

## भीषण गर्मी के बीच बादलों के आवाजाही के संकेत

**● मौसम विभाग ने नए सिरे से रिवाइज किया अलर्ट**



**वाराणसी।** आज सुबह वातावरण में पुरवा का जोर बना रहा लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी का असर हुआ और धूप के साथ लोग पसीना पसीना भी होने लगे। मौसम विभाग के अनुसार वातावरण का रुख अब लोकल हीटिंग के बाद बादलों की ओर हो सकता है। इसकी वजह से आंधी और बूंदाबांदी का असर भी मैदानी क्षेत्रों में हो सकता है। अब लोकल हीटिंग बादलों की ओर असर कर सकता है। मौसम चार दिनों तक बादलों की आवाजाही का संकेत दिया गया है। बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 40.3°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 27.0°C दर्ज किया जो सामान्य से 0.4 डिग्री कम रहा। न्यूनतम आर्द्रता 34 प्रतिशत दर्ज किया गया वहीं अधिककतम आर्द्रता 48 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## सफाई के नाम पर खानापूर्ति कार्यदायी संस्था पर 50 हजार का जुर्माना, अवर अभियंता को नोटिस

**● नगर आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण तो खुली पोल**

**वाराणसी।** निगम मानसून के पहले शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई का काम करवा रहा है। इन नालों की सफाई का काम अध्या ट्रेडर्स के पास है। लगातार स्थानीय लोग नालों की सफाई के न होने की बात कह रहे हैं। ऐसे में नालों की सफाई की जमीनी हकीकत देखने निकले नगर आयुक्त ने सख्ती बरती है। नगर आयुक्त ने नाला सफाई का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण में लापरवाही मिलने पर उन्होंने अध्या ट्रेडर्स पर 50 हजार का जुर्माना लगाया है। वहीं लापरवाही बरतने पर अवर अभियंता को प्रतीकूल प्रविष्टि दी है। आयुक्त ने बताया नगर निगम शहर में जलभराव की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस क्रम में मानसून से पूर्व नाला सफाई के दावों की जमीनी हकीकत परखने के लिए औचक निरीक्षण किया गया।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

# सीएम के जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## भाजपाइयों ने बांटी मिठाई, लगाया रक्तदान शिविर

**● जन-कल्याण मेला, भारत संकल्प सम्मेलन और विकास प्रदर्शनी के साथ पूरे पखवारे होगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन**





**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के आह्वान पर पूरे पखवारे चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाने से किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी के महानगर कार्यालय सिगरा पर इकट्ठा हुए। सभी ने योगी के चित्र पर मिष्ठान प्रस्तुत कर उसे लोगों को बांट कर मुंह मीठा किया। इसके बाद पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। इस क्रम में पूरे पखवारे भर कार्यक्रम होगा। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के कार्य होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन को सात जून को 12 वर्ष पूर्ण हो रहा है। इस दौ-रान देश में उपलब्धियों और बदलाव की नई इबारत लिखी गई। केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों, योजनाओं व कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने के लिए पूरे पखवारे भर समेकित अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप होगा। इस क्रम में आठ जून को मंत्री, जनप्रतिनिधि व अधिकारी प्रबुद्ध वर्ग और आम आदमी से संपर्क करेंगे। 14 जून को सभी विकास खंडों में त्रिदिवसीय जनकल्याण मेलों में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। 16 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17 जून से 20 जून तक पहले और अब विकास प्रदर्शनी लगेगी। इसमें विशेष रूप से श्रीराम जन्मभूमि, श्री काशी विश्वनाथ, महाकुंभ व अन्य पुनर्जीवित तीर्थ स्थलों एवं दार्शनिक केंद्र, इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक परियोंजनाएं, सुरक्षा माडल, विकसित उत्तर प्रदेश को प्रदर्शित किया जाएगा। पार्टी की ओर से बताया गया कि 18 व 19 जून को गौ-आधारित, प्राकृतिक व प्रगतिशील खेती पर कार्यशाला आदि होगा। 21 जून को योग दिवस पर विविध कार्यक्रम होंगे।

### 440 यूनिट रक्तदान

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय महिला जिला चिकित्सालय, कबीरचौरा में भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस बार भी त्रिशक्ति सेवा फाउंडेशन एवं हिंदू युवा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 440 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' रहे। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर आयोजित यह आयोजन समाज के प्रति समर्पण और सेवा की भावना को मजबूत करने वाला है। एक यूनिट रक्त कई लोगों की जान बचाने में सहायक होता है।

## डिजिटल नवाचार के लिए साझा प्रयास पर मंथन



**वाराणसी।** ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह (सीडब्ल्यूजी) की होटल ताज में दूसरे दिन शुक्रवार को बैठक जारी रही। ब्रिक्स के 11 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक सहयोग की प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर आगे की चर्चा शुरू की। इसमें सदस्य देशों से आए प्रतिनिधि अपने विचार साझा किए।इसके पूर्व रचनात्मक अर्थव्यवस्था पर बल देने के लिए गुरुवार को चर्चा हुई। साथ ही कापीराइट के संरक्षण के लिए एआइ के दखल पर भी चिंता जतायी। ब्रिक्स प्रतिनिधियों का समावेशी विकास, सामाजिक एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाने और डिजिटल नवाचार के लिए साझा प्रयास पर मंथन हुआ। पैनल में पहली चर्चा रचनात्मक अर्थव्यवस्था में जन-सहयोग, नवाचार, साझेदारी और इस पर होने वाले कार्यों को लेकर हुई।

# शिवदयाल और सौम्या के सिर कामयाबी का ताज

## स्वर्गीय रामाज्ञा सिंह स्मृति जिला कैरम लीग का समापन

**● रितम्भरा और गौरव ने किया सराहनीय प्रयास**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी जिला कैरम एसोसिएशन के तत्वावधान में ईंगलिसियालाइन स्थित त्रिपाठी स्मृति क्रीडा कक्ष में चल रही पांचवी स्वर्गीय रामाज्ञा सिंह स्मृति 12 दिवसीय जिला कैरम लीग का का गुरुवार को रंगारंग समापन हो गया। गुरुवार को खेले गए पुरुष वर्ग एवं महिला एकल के फाइनल मैचों में सौम्या यादव ने रितम्भरा को दो संघर्ष पूर्ण सेटों में 22-16,18-13 से पराजित करके महिला चैम्पियन बनीं। वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में शिवदयाल यादव ने गौरव गुप्ता को तीन संघर्षपूर्ण सेटों में 2-25, 25-15 और 17-7 से पराजित करके प्रतियोगिता का विजेता होने का गौरव अर्जित किया। मिश्रित युगल का फाइनल मुकाबला शिवदयाल यादव और काब्या सेठ की जोड़ी के नाम रहा। इन्होंने फाइनल में कृष्ण दयाल यादव और आर्या यादव की जोड़ी को सीधे दो सेटों में 25-6,22-9 से पराजित किया। मैच समाप्ति के तुरंत बाद में हुये पुरस्कार वितरण और समापन समारोह में उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये आयोजन सचिव अश्विनी चक्रवाल, चीफ रेफरी रमेश कुमार वर्मा सहित सभी अन्य सभी निर्णायकों और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। समारोह का संचालन उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के सहायक सचिव और वरिष्ठ खिलाड़ी अशोक सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव अश्विनी चक्रवाल ने और मैचों का परिणाम की घोषणा चीफ रेफरी रमेश वर्मा ने किया।

# पर्यावरण को नई उड़ान : बनारस रेलवे स्टेशन पर पौधरोपण

## जागरुकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के साथ नुक्कड़ नाटक का मंचन

**● सरकुलेटिंग एरिया के पार्क में मंडल रेल प्रबन्धक ने लगाए पौधे**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (Enhm) अभिषेक राय के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में वाराणसी मंडल के स्टेशनों पर 15 मई 2026 से 05 जून 2026 तक मनाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण, पर्यावरण अनुकूल प्रदर्शनी, ड्राइंग प्रतियोगिता और कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये । इसी क्रम में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के एक ऐन एक दिन पहले प्रातः 10 बजे बनारस रेलवे स्टेशन पर मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण को अनुकूल करने के लिए रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित पार्क में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने मंडलीय अधिकारियों के साथ पौधरोपण किया। इसके साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने बनारस स्टेशन के सामान्य यात्री हाल में पर्यावरण अनुकूल प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर इस दौरान भारत स्काउट एण्ड गाइड जिला संध वाराणसी के सदस्यों द्वारा 'जल और ऊर्जा संरक्षण' 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं' विषयक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया। महाप्रबन्धक ने कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों प्रतिभोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## पर्यावरण की सुरक्षा हमारी साझा जिम्मेदारी




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनजागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि विश्व का तापमान रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच रहा है जो पर्यावरण और मानव जीवन के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा पर्यावरण हमारी साझा जिम्मेदारी है क्योंकि पर्यावरण हमें जीवन की आवश्यक वस्तुएँ प्रदान करता है। हम सबको मिलकर पर्यावरण की सुरक्षा करनी चाहिए तथा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना चाहिए।

# स्ट्रीट वेंडर एक्ट सिर्फ कागजों तक!

**● बीएचयू अस्पताल के बाहर दशकों से आजीविका चलाने वालों का प्रतिनिधिमंडल मिला नगर आयुक्त से, पुलिसवालों से बचाने की लगायी गुहार**




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लंका बीएचयू अस्पताल के बाहर बीएचयू की दीवार से सटी बीएचयू द्वारा छोड़ी गई भूमि पर दशकों से व्यवसाय कर रहे स्ट्रीट वेंडरों को पुलिसिया उत्पीड़न से संरक्षण प्रदान करते हुए व्यवस्थित किए जाने के संबंध में रैमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता प्रो. संदीप पांडेय के नेतृत्व में आज स्ट्रीट वेंडरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त एवं टाउन वेंडिंग कमेटी के अध्यक्ष हिमांशु नागपाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने लंका स्थित बीएचयू अस्पताल के बाहर वर्षों से आजीविका चला रहे गरीब वेंडरों को पुलिसिया उत्पीड़न से संरक्षण देने तथा वेंडर कानून के अनुसार व्यवस्थित पुनर्वास की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि सरकार ने 2014 में स्ट्रीट वेंडर एक्ट बनाया, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण दिया और आजीविका को वैधता प्रदान की तो फिर उन्हीं लोगों को अपराधी की तरह क्यों देखा जा रहा है? क्या नगर में स्ट्रीट वेंडर एक्ट केवल कागजों तक सीमित है? यदि सड़क किनारे कोई ठेला नहीं रहेगा, तो सरकार और प्रशासन यह स्पष्ट करें कि लाखों गरीब लोग अपनी आजीविका कहाँ चलाएंगे? क्या विकास का अर्थ केवल गरीबों को हटाना और उनकी रोजी-रोटी छीनना है?



## सोनभद्र समाचार

### आधी रात के बाद तालाब से मिला मोटर मैकेनिक का शव



**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के रामसरोवर में नहाते समय डूबे अंबेडकरनगर वार्ड निवासी विमलेश (45) का शव बुधवार आधी रात के बाद बरामद हुआ। बृहस्पतिवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया। इस हादसे से परिवार की आजीविका का सहारा छिन गया है और तीन बेटियों तथा दो बेटों के पालन-पोषण को लेकर नात-रिश्तेदारों में चिंता की स्थिति बनी हुई है। विमलेश, जो तीन भाइयों में मंझला था, डेंटिंग का काम करता था और पत्नी-बच्चों के साथ अलग रहता था। उसकी तीन बेटियां और दो बेटे हैं। बड़ी बेटी कक्षा नौ में पढ़ती है, सबसे छोटी बेटी कक्षा पांच में है, बड़ा बेटा कक्षा तीन में है, और छोटे बेटे का अगले साल स्कूल में दाखिले की तैयारी थी। गौरतलब है कि बुधवार को वह घर के पास स्थित तालाब में नहाने गया था। विमलेश को एक कुशल तैराक माना जाता था और वह अक्सर देर तक रामसरोवर में तैरता था। इसलिए घटना के समय किसी को भी उनकी तैराकी पर शक नहीं हुआ। शव मिलने के बाद पत्नी-बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार को सुपुर्द कर दिया गया है।

## सुल्तानपुर समाचार

### कार की चपेट में आने से वनरोज की मौत

**दोस्तपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर धरमपुर के पास बृहस्पतिवार दोपहर अनियंत्रित कार की चपेट में आने से वनरोज की मौत हो गई। कार सवार कादीपुर के पड़ेला निवासी संतोष कुमार यादव व उनके पुत्र सूर्यांश व देवांश बच गए। संतोष ने बताया कि वह लखनऊ जा रहे थे। अचानक कार के सामने वनरोज आ गया। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार लोग दूसरे वाहन से गंतव्य के लिए रवाना हुए।

**स्टेयरिंग फेल होने से डिवाइडर से टकराया ट्रक**

**दोस्तपुर।**पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर स्थानीय टोल प्लाजा के पास बृहस्पतिवार शाम लखनऊ से गोरखपुर जा रहे ट्रक की स्टेयरिंग अचानक फेल हो गई। ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। ट्रक चालक सतवीर बच गया।

## मऊ समाचार

### तीन साल में लगे 93 लाख पौधे, लापरवाही चर गई हरियाली, कहीं पौधे गायब, कहीं बंजर जमीन बची



**मऊ।** जिले में पिछले तीन साल में पौधरोपण अभियान में करीब 93 लाख पौधे लगाए गए। कागजों में तो हरियाली के दावे हैं पर बृहस्पतिवार को टीम ने पड़ताल की तो करीब दस प्रतिशत पौधे ही जीवित मिले। कई जगह मौके पर पौधे नहीं मिले, बंजर जमीन मिली। पौधरोपण के बाद जियो टैगिंग और जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कई बार बैठकें भी हो चुकी हैं। इसके बावजूद अधिकांश पौधे या तो सूख गए या नष्ट हो गए। वहीं निजी संगठनों द्वारा लगाए गए पौधे आज बड़े होकर वृक्ष का रूप ले चुके हैं। 1713 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले मऊ जिले में वर्ष 2023, 2024 और 2025 के बीच 93 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया था। इसके बाद अब वन विभाग 30 लाख से अधिक पौधे लगाने की नई योजना पर कार्य कर रहा है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में सभी विभागों द्वारा 31.53 लाख पौधे लगाए गए थे, जबकि 2024 में 31.52 लाख पौधे लगाए गए। वर्ष 2025 में 30 लाख 50 हजार 807 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके तहत विभिन्न विभागों को अलग-अलग लक्ष्य दिए गए पर्यावरण विभाग को 13,98,200, ग्राम्य विकास विभाग को 11,06,000, नगर विकास विभाग को 16,000, कृषि विभाग को 1,81,000 और उद्यान विभाग को 1,13,000 पौधे सहित अन्य विभागों को भी पौधरोपण का लक्ष्य सौंपा गया था।

## बलिया समाचार

### एक सप्ताह बाद फिर पारा पहुंचा 40 डिग्री पार

**बलिया।** जिले में मौसम में आए दिन परिवर्तन हो रहा है। बृहस्पतिवार को तापमान फिर से 40 डिग्री के पार हो गया। एक सप्ताह बाद जून में में पहली बार तापमान 40 के पार पहुंचा है। दिनभर धूप व छांव का दौर चलता रहा। जिससे मौसम बिगड़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 40.5 व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 26 मई के बाद तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार किया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 38 व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अधिकतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी से गर्म हवाएं चलती रहीं। सुबह से मौसम सख्त हो गया था। बीच-बीच में धूप व छांव का असर बना रहा लेकिन भीषण गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही थी।

## भदोही समाचार

### कब्र से निकाला मासूम पिंटू का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**सुरियावां।** कोतवाली क्षेत्र के बिसही हरिहरपुर गांव में मृत मासूम पिंटू का शव बृहस्पतिवार को गठित टीम की मौजूदगी में कब्र से निकाला गया। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उसकी मौत जंगली जानवर के हमले से हुई या किसी और कारण से यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्पष्ट होगा।

औराई के ऊगापुर निवासी पट्टर बनवासी अपनी पत्नी और पांच साल के बेटे पिंटू बनवासी के साथ अपने साले बुलकी उर्फ फूलचंद बनवासी के घर सुरियावां कोतवाली के बिसही हरिहरपुर गांव में आया था। बताया जा रहा है कि वे अक्सर अपने साले के घर आता-जाता रहता था। मंगलवार की रात पिंटू के माता-पिता बगल के गांव हरिहरपुर में किसी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। पिंटू गांव में अपने फूफा फूलचंद के साथ घर पर ही सोया था। उसी दौरान कोई जानवर उसे झाड़ियों में लेकर चला गया। शोर सुनकर पहुंचे लोग उसे अस्पताल ले गए। जहां उपचार के बाद घर लौटने पर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के शव को दफना दिए।

डीएम शैलेष कुमार के निर्देश पर बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार विजय कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन यति, राजस्व निरीक्षक हरिश्चंद्र प्रसाद, क्षेत्रीय लेखपाल अजय सिंह और थाना प्रभारी अश्वनी त्रिपाठी की मौजूदगी में कब्र की खुदाई कर पिंटू के शव को निकाला गया।

प्रभारी निरीक्षक अश्वनी त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## गोरखपुर समाचार

### स्कूटी चार्ज करते समय करंट लगने से छात्र की मौत

**गगहा ( गोरखपुर )।** रामगढ़ताल इलाके के यशोदरा कुंज मोहल्ले में बुधवार सुबह इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग के दौरान करंट की चपेट में आने से 14 वर्षीय छात्र प्रांजल यादव की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से झुलसे किशोर को परिजन निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बृहस्पतिवार को छात्र का शव गगहा में गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। गगहा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर भलुवान गांव निवासी प्रमोद यादव परिवार के साथ यशोदरा कुंज स्थित अपने मकान में रहते हैं। बुधवार सुबह करीब 10 बजे घर के ग्राउंड फ्लोर पर इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्ज हो रही थी। इसी दौरान उनका बेटा प्रांजल यादव चार्जिंग व्यवस्था के संपर्क में आ गया। करंट का झटका इतना तेज था कि वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि घटना के समय प्रांजल की मां मकान की पहली मंजिल पर थीं।

## जौनपुर समाचार

### जौनपुर में टीजीटी परीक्षा देकर लौट रहे प्रिंसिपल की मौत



**जौनपुर।** मछलीशहर नगर से सटे गुजराती राम अभिलाष पब्लिक स्कूल सरायचंदन के प्रधानाचार्य नीरज सरोज की सड़क हादसे में मौत हो गई है। वे प्रयागराज के नैनी परीक्षा केंद्र में टीजीटी परीक्षा देकर घर लौट रहे थे, तभी बाबूगंज बाजार में उनकी बाइक पलट गई। यह घटना गुरुवार को हुई। नीरज सरोज सिकरारा थाना क्षेत्र के कुरनी (चेरईकापुरा) के निवासी थे और पिछले सात वर्षों से उक्त विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा चयन आयोग की टीजीटी परीक्षा का फॉर्म भरा था और गुरुवार को इसी परीक्षा में शामिल होने के लिए बाइक से नैनी गए थे। विद्यालय के प्रबंधक श्याम नारायण बिंद ने बताया कि परीक्षा देकर घर लौटते समय एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में नीरज सरोज की बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर फूलपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नीरज सरोज के मोबाइल फोन से उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। परिजन गुरुवार रात में ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया।

**पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बीपीईएस, बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम शुरू**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीईएस) और बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों की शुरुआत हो गई है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में वर्षों से अनुपयोगी पड़ी भूमि और अन्य संसाधनों का उपयोग अब शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान गतिविधियों के लिए किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, नए पाठ्यक्रमों से परिसर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। इसके तहत करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित तालाब का उपयोग मत्स्य पालन तथा कृषि संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा।

## देवरिया समाचार

### डीएम के जनता दर्शन में पहुंचे दो जरूरतमंदों के बने राशन कार्ड

**देवरिया।** कलक्ट्रेट में बृहस्पतिवार को जनता दर्शन में डीएम मधुसुदन हुल्गी के पास राशन कार्ड न बनने की समस्या को लेकर दो फरियादी पहुंचे। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर पात्र लाभार्थियों का राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। बैतालपुर विकासखंड की निवासी विमला देवी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर हैं तथा राशन कार्ड न होने के कारण सरकारी खाद्यान्न योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं गरुड़पार की निवासी सविता वर्मा ने बताया कि उनके पति अस्वस्थ हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, लेकिन राशन कार्ड न होने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## चंदौली समाचार

### करोड़ों पौधे लगे, फिर भी सिकुड़ रहा जंगल 286 हेक्टेयर वनभूमि पर अब भी है कब्जा



**राजदरी।** वनांचल के नाम से प्रसिद्ध चंदौली जिले की हरियाली पर संकट गहराता जा रहा है। करोड़ों पौधों के रोपण और पर्यावरण संरक्षण के तमाम सरकारी दावों के बावजूद जमीन पर वन क्षेत्र लगातार सिकुड़ रहा है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) की ताजा रिपोर्ट ने जिले में वन संरक्षण के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जिले में अब भी 285.994 हेक्टेयर बेशकीमती वनभूमि भू-माफिया और अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जे में है। भौगोलिक आंकड़ों के अनुसार, चंदौली जिले का कुल क्षेत्रफल 2,541 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से 553.48 वर्ग किलोमीटर (लगभग 21.78 प्रतिशत) क्षेत्र ही वनाच्छादित बचा है। इस वन क्षेत्र में मात्र 7.91 वर्ग किलोमीटर घना वन है, जबकि 361.60 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र खुले वन के रूप में बचा है। जंगलों के इस तेजी से घटते दायरे के कारण स्थानीय पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है। वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि अवैध कटान और वनभूमि पर खेती या व्यावसायिक उपयोग के लिए हो रहे अवैध कब्जे जैव विविधता को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### नगर पालिका के कर निर्धारण अधिकारी को किया निलंबित

**आजमगढ़।** नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के कर निर्धारण अधिकारी धर्मवीर सोनी को शासन ने निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जांच के लिए अपर आयुक्त (प्रशासन) आजमगढ़ मंडल को जांच अधिकारी नामित किया गया है। सीआरओ संजीव ओझा ने बताया कि पहाड़पुर मोहल्ले में नामांतरण प्रक्रिया के दौरान अधिशासी अधिकारी की टिप्पणी पर व्हाइटनर का प्रयोग करके कथित रूप से कूटरचित कार्रवाई करने, बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के अदेयता प्रमाण पत्र जारी करने तथा जन्म-मृत्यु पंजीकरण और लोक शिकायतों के निस्तारण संबंधी मामलों में अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर हस्ताक्षर करने का आरोप सभासद आनंद देव उपाध्याय और महेंद्र यादव ने लगाया है। डीएम ने उक्त आरोपों की जांच कराई तो आरोप सही पाए गए।

## मीरजापुर समाचार

### मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियो से परिपूर्ण 12 वर्ष एवं नव निर्माण के 09 उ0प्र0 के पूर्ण होने पर 05 जून 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम



**मीरजापुर।** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ ही यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मा0 प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियो से परिपूर्ण 07 जून 2026 को 12 वर्ष पूर्ण होने एवं यशस्वी मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में 05 जून 2026 से 21 जून 2026 तक सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के थीम पर विशेष जन सम्पर्क एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम की तैयारियो के दृष्टिगत प्रदेश के मा0 मंत्री औद्योगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन, एन0आर0आइ0 एवं निवेश प्रोत्साहन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' अष्टभुजा गेस्ट हाउस में जनपद के मा0 जनप्रतिनिधिगण व अधिकारियो के साथ बैठक कर प्रतिदिन के कार्यक्रम की तैयारियो की समीक्षा की। बैठक उपाध्यक्ष राज पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली, मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मा0 विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्या, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी लाल बहादुर सरोज, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0 धर्मजीत सिंह के अलावा सभी सम्बन्धित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के थीम पर आयोजित कार्यक्रम के तैयारियो के बारे में जानकारी दी। मा0 प्रभारी मंत्री ने कहा कि 05 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत जनपद में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाए। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर आवंटित लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए अमृत सरोव. रो, तालाब व जल स्रोतो की स्वच्छता एवं पुर्नजीवन अभियान के अन्तर्गत आयोजित कर वृक्षारोपण कराया जाए।

## गाजीपुर समाचार

### होटल कारोबारी पुत्र विनीत राय हत्या मामले में एक लाख का इनामिया बदमाश कमलेश बिन्द पुलिस मुठभेड़ में हुआ ढ़ेर



**गाजीपुर।** अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रभारी स्वाट गाज़ीपुर व थानाध्यक्ष करंडा मय टीम आदर्श बाजार मे मौजूद थे।

जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली क्षेत्र में हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त पौहारी बाबा मठ पुलिया के पास मौजूद है, जल्दी किया गया तो पकड़ा जा सकता है। सूचना को सही मानते हुए पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति की गिरफ़्तारी हेतु प्रयास किया गया तो मौजूद व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर पिस्टल से फायर करते हुए मोटरसाइकिल से गंगा नदी की तरफ भागने लगा मौजूद पुलिस टीम द्वारा जरिये दूरभाष कंट्रोल रूम को सूचना देते हुए बदमाश का पीछा करते हुए कुर्था गांव के पास ट्यूबेल के पास पुलिस टीम द्वारा खुद को घिरा देख मोटरसाइकिल सवार द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से निशाना लगाकर फायर करने लगा, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में संतुलित फायरिंग की गयी तो बदमाश के सीने में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसे तत्काल मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जिला हॉस्पिटल गाजीपुर उपचार हेतु भेजा गया उपरोक्त घटनाक्रम मे स्वाट प्रभारी के हाथ मे गोली लगी है। जिससे वो घायल हो गए जिनका इलाज सदर अस्पताल गाज़ीपुर मे चल रहा है।

एक गोली करंडा थानाध्यक्ष के बुलेटप्रुफ जैकेट मे लगी। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## प्रयागराज समाचार

### बेटा मां-बाप का न हुआ सगा, दोस्त ने दोस्त को दिया दगा, शनि ने बताया अभिषेक को क्यों मारा



**प्रयागराज।** वैश्य परिवार हत्याकांड में आरोपी शनि ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने बताया कि अभिषेक मेरा आधा हिस्सा नहीं देना चाह रहा था। जो अपने माता-पिता का न हुआ उस पर कैसे भरोसा करता, इसलिए मार दिया। प्रयागराज के वैश्य परिवार हत्याकांड में पारिवारिक रिश्तों और दोस्ती पर भरोसे की ऐसी रूह कंपा देने वाली कहानी सामने आई, जिसे सुनकर हर कोई स्तब्ध है। लोग भरोसा नहीं कर पा रहे कि एक मकान के भीतर माता-पिता और बेटे के रिश्ते की दीवार कब दरक कर भरभरा गई। बेटे के सामने पूरे परिवार को खत्म करने तक की नौबत आ गई। जिस दोस्त को परिवार के ऊपर रखकर उनकी हत्या के लिए चुना, वहां भी दगाबाजी सामने आई। पहले अभिषेक ने शनि को बंटवारे में वाजिब हिस्सा नहीं दिया, फिर शनि ने सारे जेवर हड़पने के लिए दोस्त का ही कत्ल कर दिया। यानी कौन किस पर भरोसा करे। यह बात सभी के मन में कौंध रही है। घटना स्थल पर लोग यही कहते सुने गए कि बेटा मां-बाप का सगा न हुआ और दोस्त ने दोस्त को दगा दे दिया। आरोपी शनि गुप्ता समोसे-कचौड़ी की दुकान चलाता था। दोनों के बीच सिर्फ कारोबारी संबंध नहीं थे, बल्कि कई वर्षों पुरानी गहरी दोस्ती थी। दोनों अक्सर साथ बैठकर शराब पीते थे। घंटों समय बिताते थे। इसी दोस्ती का फायदा उठाकर अभिषेक ने परिवार के तीन सदस्यों की हत्या में शनि को शामिल किया। बाद में लालच में आकर शनि ने अभिषेक को भी मौत के घाट उतार दिया। मुट्ठीगंज निवासी आरोपी शनि गुप्ता ने बताया कि घर से गहने लूटने के बाद अभिषेक उसे पूरा हिस्सा नहीं दे रहा था। बार-बार कह रहा था कि अभी इतना सामान ले जाओ, बाकी बाद में हिसाब कर लेंगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। शनि ने बताया कि विवाद के दौरान उसने अभिषेक से भरोसे को लेकर सवाल किया? कहा कि जब तुम संपत्ति के लिए अपने माता-पिता के नहीं हुए तो मुझे बचा हुआ हिस्सा क्यों दोगे? तुम पर कैसे भरोसा कियाजा सकता है। इसके बाद मामला बढ़ गया और दोनों के बीच गाली गलौज होने लगी।

## लाइफ मंत्र

### Kedarnath Dham: जानें Ukhimath क्यों है बाबा केदार की Winter Seat, यहीं होती है 6 महीने पूजा



केदारनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंग और उत्तराखंड के चार धामों में से एक है। शीतकाल में बाबा भक्तों को दर्शन नहीं देते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इन 6 महीनों में बाबा केदार की पूजा कहां होती है और उनका दूसरा निवास कहां है। केदारनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंग और उत्तराखंड के चार धामों में से एक है।

सर्दियों में बाबा 6 महीनों तक भक्तों को दर्शन नहीं देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन 6 महीनों में बाबा केदार की पूजा कहां होती है और उनका दूसरा घर कहां है। केदारनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से हैं और उत्तराखंड के चार धामों में से एक है। शीतकाल में बाबा भक्तों को दर्शन नहीं देते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इन 6 महीनों में बाबा केदार की पूजा कहां होती है और उनका दूसरा निवास कहां है।

**बाबा केदार के द्वार हो जाते हैं बंद**

शीतकाल में बर्फबारी की वजह से बाबा केदार के द्वार बंद कर दिए जाते हैं। क्योंकि यहां पर इतनी ज्यादा बर्फ पड़ती है कि मंदिर तक पहुंच पाना और आध्यात्मिक गतिविधियों को कर पाना मुश्किल होता है। पहाड़ पर बसे होने की वजह से सर्दियों में ऑक्सीजन की भी कमी हो जाती है। इसलिए बाबा केदार को दूसरा स्थान दिया जाता है, जिसका नाम ऊखीमठ है। ऊखीमठ को भगवान केदार का शीतकालीन घर कहा जाता है। केदारनाथ के कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की चलविग्रह पंचमुखी डोली कई जगहों से होकर यहां आती है।

**बाबा केदार का शीतकालीन मंदिर**

ऊखीमठ में मौजूद ओंकारेश्वर मंदिर को दूसरा केदारनाथ कहा जाता है। सर्दियों में भी दूर-दूर से भक्त बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। आने वाले समय में बाबा ऊखीमठ से ही श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इस मंदिर की बनावट भी केदारनाथ मंदिर से काफी मिलता है। प्रमुख मंदिर की बनावट केदारनाथ मंदिर जैसी है। लेकिन मंदिर का प्रांगण बड़ा है, मंदिर प्रांगण में सुंदर नक्काशी मंदिर की दीवारें सजी हैं। वहीं 6 महीने के बाद शुभ मुहूर्त में फिर से बाबा को केदारनाथ के लिए रवाना कर दिया जाता है।

**देवताओं के बदलते हैं स्थान**

सर्दी के मौसम में सिर्फ बाबा केदार ही नहीं बल्कि गंगोत्री, यमुनोत्री और बद्रीनाथ भगवान भी अपना स्थान बदलते हैं। गंगोत्री धाम को मुखवा, यमुनोत्री को खरसाली और बाबा ब्रदीनाथ को पांडुकेश्वर और ज्योर्तिमठ में स्थापित किया जाता है। बर्फबारी के दौरान चारों धाम को उनके दूसरे घर पर विराजमान किया जाता है।

**चमत्कारी दीया**

बता दें कि केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के बाद मंदिर में 6 महीने तक पूजा-पाठ नहीं होती है। लेकिन फिर भी इस मंदिर के अंदर लगातार 6 महीने तक एक चमत्कारी दीपक जलता रहता है।

मंदिर में उस दीपक के लिए कोई व्यवस्था नहीं होती है, लेकिन इसके बाद भी वह दीपक लगातार जलता रहता है। अपने आप दीपक जलने के पीछे का रहस्य आज तक बना हुआ है।

## Heavy Demand के चलते Rajasthan की गर्मी में भी जारी रहेगा Palace on Wheels का शाही सफर



बढ़ती मांग के विश्लेषण के बाद, 'पैलेस ऑन व्हील्स' लग्जरी ट्रेन को पहली बार गर्मी के मौसम में चलाया गया है। यह फैसला राजस्थान में ऑफ-सीजन टूरिज्म की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है, जहाँ यात्री अब शाही सफर के लिए अधिक किराया देने को भी तैयार हैं। राजस्थान की सबसे मशहूर और आलीशान ट्रेन 'पैलेस ऑन व्हील्स' ने एक नया इतिहास रच दिया है। अपने 43 साल के लंबे सफर में पहली बार यह लग्जरी ट्रेन मई के महीने में पटरी पर उतरी है। इस ऐतिहासिक फैसले के साथ ही ट्रेन ने सितंबर से अप्रैल के बीच ही चलने की अपनी बरसों पुरानी परंपरा को तोड़ दिया है।

**गर्मी के मौसम में पहली बार शुरुआत**

साल 1982 में शुरू होने के बाद से यह ट्रेन कभी भी गमिर्यों में नहीं चली। आमतौर पर मई से अगस्त के महीनों में इसे बंद रखा जाता है, क्योंकि इस दौरान राजस्थान का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर चला जाता है। लेकिन इस बार, यात्रियों की भारी मांग और पूरी ट्रेन की स्पेशल बुकिंग होने की वजह से इसे 21 मई 2026 को दोबारा रवाना किया गया।

**शाही सफर और आलीशान सुविधाएं**

'पैलेस ऑन व्हील्स' दुनिया की सबसे शानदार लग्जरी ट्रेनों में से एक मानी जाती है। यह ट्रेन यात्रियों को जयपुर, उदयपुर, जैसलमेर, जोधपुर और आगरा जैसे ऐतिहासिक शहरों की एक हफ्ते की शाही सैर कराती है। इस सफर के दौरान मेहमानों को शानदार महलों को देखने का मौका मिलता है। साथ ही बेहतरीन खाना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सफारी का आनंद भी दिया जाता है।

**कितना है इस सफर का किराया?**

इस शाही ट्रेन में सफर करने का शुरुआती किराया लगभग 84,000 रुपये प्रति व्यक्ति है। वहीं, अगर कोई इसके सबसे आलीशान और प्रीमियम सुइट्स में सफर करना चाहता है, तो इसका किराया 2 लाख रुपये से भी ज्यादा तक चला जाता है।

**बुकिंग में 45% का बड़ा उछाल**

ट्रेन को गर्मी में चलाने का यह बड़ा फैसला यात्रियों की बढ़ती दिलचस्पी को देखकर लिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तय समय के अलावा दूसरे महीनों में भी सफर करने वाले यात्रियों और स्पेशल बुकिंग में 45% की बढ़ोतरी देखी गई है। राजस्थान की तेज गर्मी के बावजूद, लोग अब साधारण यात्राओं के बजाय इस आरामदायक और राजसी सफर को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। अपनी आलीशान सजावट, शानदार सुइट्स और पर्सनल स्टाफ की वजह से यह ट्रेन आज भी दुनिया भर में भारत का मान बढ़ा रही है।







# Lansdowne का यह 'गुप्त' शिव मंदिर है Perfect Weekend Getaway, गर्मियों में मिलेगा सुकून

**उत्तराखंड के लैंसडाउन के पास 5900 फीट की ऊंचाई पर स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर ट्रेकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन धार्मिक स्थल है। देवदार के घने जंगलों से घिरा यह मंदिर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है, जो इसे गमिर्यों में घूमने के लिए एक आदर्श जगह बनाता है।**

आजकल लोगों में घूमने-फिरने का चलन अधिक बढ़ गया है। ऑफिस की थकान और सुकून के पल बिताने के लिए लोग पहाड़ों पर घूमने जरुर जाते हैं। लोग पहाड़ों पर ट्रेंकिग करना पसंद करते हैं। वैसे तो उत्तराखंड में ऊंचाई पर महादेव के कई मंदिर हैं। केदारनाथ, तुंगनाथ, त्रियुगीनारायण, मध्यमहेश्वर, रुद्रनाथ, कल्पेश्वर जैसे कई मंदिर हैं। इन्हीं में से एक है ताड़केश्वर महादेव मंदिर है। शिव भक्तों की यहां हमेशा भीड़ लगी रहती है। यहां पर लोग लंबी ट्रेकिंग करके पहुंचते हैं। यह मंदिर घने देवदार और चीड़ के जंगलों के बीच मौजूद ये मंदिर समुद्र तल से करीब 5900 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है।

उत्तराखंड में बसे लैंसडाउन से ये मंदिर करीब 38 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अगर आप गर्मी से राहत पाना चाहते हैं और धार्मिक स्थल पर भी जाना है, तो आप इस मंदिर के दर्शन करने जरुर जाए।

**कहां है ताड़केश्वर महादेव मंदिर?**

ताड़केश्वर महादेव मंदिर उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में है। ये मंदिर लैंसडाउन के पास घने जंगलों में बना हुआ है।

यहां प्राकृतिक नजारा देखने के लायक होता है। यहां पर आपको ट्रेकिंग करके जाना होगा, लेकिन यहां की खूबसूरती अद्भुत है। आपकी सारी थकान चुटकियों में खत्म हो जाएगी। मंदिर के चारों ओर लगे ऊंचे-ऊंचे देवदार के पेड़ इसकी खूबसूरती को और चार चांद लगा देते हैं।

**कब जाएं घूमने?**

अगर आप 1800 मीटर की चढ़ाई करके ताड़केश्वर महादेव मंदिर पहुंचना चाहते हैं, तो इसके लिए अप्रैल से जून तक का समय सबसे बेस्ट है। इसके अलावा, सितंबर से नवंबर का महीना घूमने के लिए बढ़िया है। इस समय यहां का मौसम और नजारे बेहद ही खूबसूरत होते हैं।

**मंदिर के खुलने का समय**

यह मंदिर प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से लेकर शाम 7:00 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है। सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहां का मनमोहक वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य देखने लायक होता है। मंदिर परिसर को आराम से घूमने और इसकी विशेषताओं का आनंद लेने के लिए लगभग 2 घंटे का समय पर्याप्त माना जाता है।

**कैसे पहुंचें ताड़केश्वर मंदिर?**

हवाई मार्ग- लैंसडाउन पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी एयरपोर्ट देहरादून का Jolly Grant Airport है। यहां से लैंसडाउन करीब 177 किलोमीटर है। यहां से आपको टैक्सी या बसें मिल जाएंगी।

**ट्रेन से-** सबसे नियर रेलवे स्टेशन कोटद्वार है। यहां से लैंसडाउन की दूरी लगभग 70 किलोमीटर है। यहां से भी आपको बस और टैक्स मिल जाएगी।

**सड़क मार्ग-** यदि आप अपनी कार से जाना चाहते हैं, तो दिल्ली, देहरादून या हरिद्वार से सड़कें लैंसडाउन के लिए जुड़ी हुई हैं।

**यात्रा के दौरान रखें इन बातों का ध्यान**

- कंफर्टेबल शूज पहनें।
- अपने साथ पानी की बॉटल रखें।
- पहाड़ी मौसम के चलते गर्म कपड़े भी पैक करें।
- इसके साथ ही मंदिर परिसर में साफ-सफाई का ध्यान रखें।

# थाईलैंड में लंबी छुट्टियों का सपना टूटा? 60 दिन की Visa-Free Entry खत्म, अब सिर्फ 15 दिन का Stay



थाईलैंड सरकार की ओर से किए गए नए बदलाव के तहत भारत समेत 93 देशों के पर्यटकों को मिलने वाली 60 दिनों की वीजा फ्री एंट्री की सुविधा को अब पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है।

अगर आप भी इन छुट्टियों में थाईलैंड घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो यह खबर आपके काम की हो सकती है। दरअसल, थाईलैंड सरकार द्वारा अपनी एंट्री रेगुलेशंस में एक बहुत बड़ा बदलाव किया गया है। जिसके बारे में आपको पता होना चाहिए।

नए बदलाव के तहत भारत समेत 93 देशों के पर्यटकों को मिलने वाली 60 दिनों की वीजा फ्री एंट्री की सुविधा को अब पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है।

थाईलैंड सरकार की ओर से उठाया गया यह कदम वीजा कैटेगरीज को आसान बनाने और इमिग्रेशन कंट्रोल को ज्यादा सख्त बनाने की एक बड़ी योजना का हिस्सा है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वीजा से जुड़ी किन बातों के बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए।

**नए नियम**

19 मई 2016 को थाईलैंड के कैबिनेट में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। रॉयल गजट में पब्लिश होने के ठीक 15 दिनों के बाद से यह नए नियम लागू हो जाएंगे।

**भारतीय यात्रियों असर**

बता दें कि इस नए बदलाव का सबसे ज्यादा असर थाईलैंड जाने वाले इंडियन टूरिस्ट पर पड़ेगा। भारत को जुलाई 2024 में थाईलैंड की 60-दिवसीय वीजा फ्री योजना में शामिल किया गया था। इसके तहत भारतीय बिना वीजा के थाईलैंड में दो महीने तक रह सकते थे, लेकिन अब नए नियम लागू होने के बाद ऐसा नहीं होगा।

इन ताजा बदलावों के बाद अब भारत को वीजा ऑन अराइवल की कैटेगरी में डाल दिया गया है। जिसका मतलब यह है कि अब भारतीय पासपोर्ट होल्डर्स को थाईलैंड में वीजा फ्री एंट्री नहीं मिलेगी।

भारतीय टूरिस्ट को इमिग्रेशन चेकपॉइंट्स पर जरूरी डॉक्यूमेंट्स दिखाने होंगे। फिर वहां पहुंचते ही वीजा लेना होगा। इस कैटेगरी के तहत आप अब थाईलैंड में सिर्फ 15 दिन तक ही रुक सकेंगे। यानी की यह शॉर्ट वेकेशन के लिए परफेक्ट है, लेकिन अगर आप यहां पर लंबी छुट्टियां बिताना चाहते हैं, तो पहले से तैयारी करनी होगी।

**थाईलैंड में पहले से मौजूद लोगों का क्या होगा**

अगर आप पहले से ही थाईलैंड में मौजूद हैं, या फिर आप थाईलैंड नए नियमों के लागू होने से पहले पहुंच रहे हैं। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आपको अप्रूव्ड स्टे पीरियड तक रहने की अनुमति मिल जाएगी।

**इन देशों को मिलेगी वीजा-फ्री एंट्री**

इन बदलावों के बाद थाइलैंड की 30 दिवसीय वीजा फ्री एंट्री का लाभ 54 देशों को मिलेगा। जिसमें जापान, स्वीट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, अमेरिका, फ्रांस, सऊदी अरब, यूके, कनाडा, जर्मनी, यूएई और साउथ अफ्रीका जैसे देश शामिल हैं।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682